A8

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **शिवांगी स्वर्णकार,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/08/2019 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 14.01.2019

श्री गिरिश शर्मा, कनिष्ठ सहायक, जिला कलक्टर कार्यालय, उदयपुर

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 05.02.2019

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 05.12.2018 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 08/2019/(05.02)/40 दिनांक 14.01.2019 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 05.02.2019 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 05.02.2019 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रकरण संख्या 08/2019 (सू.अ.)
श्री गिरिश शर्मा, कनिष्ठ सहायक हाल जिला कलक्टर कार्यालय, उदयपुर बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अति. कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2019/28 दिनांक 28.01.2019 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार है:-

1. यह है कि श्री गिरिश शर्मा निवासी जिला कलक्टर कार्यालय, उदयपुर द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 03.12.2018 का प्रस्तुत किया जो इस कार्यालय में दिनांक 12.12.2018 को प्राप्त होना सही है।
2. यह है कि प्रार्थी श्री गिरिश शर्मा द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र से चाही जा रही सूचना का संबंध सहायक लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार), डूंगला जिला चित्तौड़गढ़ से होने से इस कार्यालय के पत्रांक/एडीएम/पीए/2018/2046 दिनांक 13.12.2018 एवं 16.01.2019 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार), डूंगला को भिजवाया गया है। (छायाप्रति संलग्न है।)

[redacted]

3. यह कि प्रार्थी प्रार्थना पत्र के संबंध में सहायक लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार), डूंगला के पत्रांक/लेखा/2019/4-5 दिनांक 17.01.2019 से वांछित सूचना प्रार्थी को प्रेषित कर पत्र की प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की है। (छाया प्रति संलग्न है)
4. यह है कि प्रार्थी को सूचना के संबंध में जानकारी उपलब्ध करा दी जाने से अब कोई कार्यवाही की आवश्यकता नहीं रहती है अतः प्रस्तुत प्रथम अपील पर जवाब स्वीकार कर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील निरस्त योग्य होने से अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

[redacted]

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2019/28 दिनांक 28.01.2019 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नक का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला द्वारा अपने पत्रांक/लेखा/2019/4-5 दिनांक 17.01.2019 से उसके द्वारा वांछित सूचना जरिये ड़ाक से उपलब्ध कराई जा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 08 / 2019 (सू.अ.)
श्री गिरिश शर्मा, कनिष्ठ सहायक हाल जिला कलक्टर कार्यालय, उदयपुर बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अति. कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

चुकी है। अतः अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारिज की जाती है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(शिवांगी स्वर्णकार)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./08/2019(सू.अ.)/87 दिनांकः– 11 /02/2019

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री गिरिश शर्मा, कनिष्ठ सहायक, हाल जिला कलक्टर कार्यालय, उदयपुर

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)